

# एसपी से बोले युवा साहब गलत संगत की वजह से लगी लत

## पुलिस अधीक्षक ने दिलाया भरोसा, परेशान न हो, नशा छुड़वाने में हम करेंगे हरसंभव मदद

**नशे से दूरी है जरूरी के तहत कार्यक्रम आयोजित**

**पुलिस अधीक्षक ने किया नशा करने वालों से संवाद**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलेभर में पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत लोगों को नशा छोड़ने की अपील करते हुए नशा से होने वाले दुष्परिणाम बताते हुए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस कांन्फ्रेस रूम में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन की मौजूदगी में नशा करने वाले लोगों की काउंसलिंग की गई। जहां नशा करने वाले लोगों ने नशा करने की विभिन्न बजह बताई, तो वहीं इनके परिवार के लोगों ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम और अपनी परेशानियों से पुलिस कप्तान को अवगत कराया। इस दौरान जब पुलिस कप्तान विनीत कुमार जैन द्वारा नशा करने वाले लोगों से संवाद किया, तो उन्होंने बताया कि साहब हमे गलत संगत की बजह से नशे की लत गई, जिससे कई प्रकार की परेशानिया आती है। वहीं वह अब नशा छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन वह छोड़ नहीं पा रहे है, क्योंकि नशा न करने की बजह से उन्हें मानसिक और शारीरिक टूटन की अनुभूति होती है। इस पर पुलिस कप्तान ने उपस्थित सभी लोगों को दिलासा देते हुए कहा कि आप परेशान न हो आपका नशा छुडवाने के लिए हम मद्द करेंगे और जरूरत पड़ी तो आपको नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया जाएगा। इस सवांद के दौरान चार दर्जन से अधिक लोग वह मौजूद थे, जो स्मैक, स्लोचन, ड्रग्स, गांजा और इंजेक्शन जैसे जानलेवा नशे की गिरफ्त में है। वहीं अंत में उपस्थित लोगों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नशा न करने की शपथ दिलाई। जिसे सभी ने हाथ उठाकर लिया।

**इलाज की जगह गोली का हो रहा दुरूपयोग:**

नशा से दूरी है जरूरी अभियान के तहत आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान नशा करने वाले लोगों ने बताया कि जिलाअस्पताल में जो नशा छोड़ने के लिए गोली खिलाई जाती है, उसका उपयोग लोग सद् उपयोग न करते हुए उसका दुरूपयोग करते है। उन्होंने बताया कि जब डॉक्टर द्वारा उन्हें दवाई खिलाई जाती है, लोग इसे बाहर ले जाकर मुहं से निकाल लेते है और बाद इंजेक्शन के माध्यम से इसका उपयोग नशा करने के लिए करते है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हम सिविल सर्जन से चर्चा कर उनसे दवा खिलाए जाने की पूरी निगरानी रखे जाने की बात कहेंगे।

**नशा छुड़ाने के लिए दिया हर संभव मद्द का भरोसा:**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कप्तान विनीत कुमार जैन ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि आप युवाओं की उम्र के हो और अभी ज्यादा उम्र नहीं है, इसलिए अगर आप ठान लो तो नशा छोड़ा जा सकता है। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों और उनके परिवार के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि पुलिस परिवार आपका नशा छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए चाहे जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों की मदद लेनी पड़े, जिससे युवा नशा छोड़ दे और अपनी जिदंगी अच्छे से गुजर बसर करे। वहीं उन्होंने बताया कि करीब दर्जनभर लोगों ने नशा मुक्ति केंद्र जानी के लिए हामी भरी है, जिन्हें सामाजिक संगठनों की मद्द वहा भेजा जाएगा।

**जिले के समस्त थानों में हुए कार्यक्रम:**

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिलेभर में शनिवार को कार्यक्रम किए गए। इस दौरान जहां कचनार पुलिस द्वारा कचनार और राजपुर में दो पहिया और चार पहिया वाहन मालिकों को पंपलेट बांटकर नशे से होने वाले दुष्परिणाम को बताया, तो वहीं नशा को लेकर जागरूक किया। तो वहीं नईसरांय पुलिस द्वारा बस स्टेण्ड पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं बहादुरपुर पुलिस द्वारा बस, ट्रक, सवारी वाहनो आदि पर नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता संबंधी पंपलेट चस्पा करते हुए वितरित किये गये। साथ ही पिपरई पुलिस ने नपा के समस्त वाहनों पर नशे से होने वाले दुष्परिणाम को अवगत कराने वाले पंपलेट चस्पा किए। यातायात पुलिस द्वारा गांधी पार्क पर ब्रम्हाकुमारी संस्था के तत्वाधान में छात्र/छात्राओं द्वारा नशे से दूरी है जरुरी संदर्भ में नुक्कड नाटक का आयोजन किया। मुंगावली पुलिस द्वारा जागरुक अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# नकली खाद पाये जाने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**पुलिस ने विगत माह पकड़ा था ट्रक**

**मिनी ट्रक में मिले थे 50-50 किलो के कट्टे**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में नकली खाद का मामला उजागार हुआ है, जिसके चलते पुलिस ने पकड़े गए मिनी ट्रक के चालक और क्लीनर पर एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर पकड़े गए डीएपी खाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई है। जिसमें बताया गया है कि डीएपी खाद में पोषक तत्व मानकों से बेहद कम पाए गए हैं, जिससे किसानों की फसल और जमीन दोनों को नुकसान हो सकता था। कोतवाली टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि नकली खाद मिलने सूचना पर पुलिस द्वारा विगत 25-26 जून को एक मिनी ट्रक पकड़ा था। जिसमें खाद नुमा सामग्री भरी हुई थी। जिसके चलते इसकी जांच के लिए नायब तहसीलदार शंभू मीणा को सूचना दी, तो वहीं सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए ट्रक से ईएफको कंपनी के लेबल वाले 50-50 किलो के 124 कट्टे डीएपी खाद बरामद करते वाहन को जब्त किया। वहीं जब्त खाद के सैंपल सागर स्थित उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को प्राप्त हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि जो डीएपी लिखी बोरिया है उसमें नाइट्रोजन मात्र 7.82 प्रतिशत और फास्फोरस 4.65 प्रतिशत था, जबकि मानक स्तर पर यह क्रमशः 18प्रतिशत और 46 प्रतिशत होना चाहिए। वहीं रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कोतवाली पुलिस ने वाहन मालिक सहित उसके सहायक ट्रक ड्राइवर सलमान और सहायक ड्राइवर शिवकुमार के खिलाफ धारा 318/4,3/7 और 7/19 के तहत कायमी की गई है।

**इंदौर से आया था ट्रक:**

कोतवाली टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि पकड़े गए ट्रक के चालक ने बताया था कि वह यह नकली खाद की कट्टी इंदौर से भरकर लाया था। वहीं अब जांच रिपोर्ट आ गई है, तो वहीं आरोपियों को पकड़ने के साथ ही नकली खाद बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इ सके साथ ही उन लोगों की छानबीन की जाएगी तो इस कंपनी से मिलकर किसानों को नकली खाद बेच रहे थे।

## एक नजर में



### राज्य स्तरीय जुजीत्सु प्रतियोगिता में पहले दिन 8 गोल्ड मेडल व 2 ब्रॉउन्ज मेडल जीते

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल विभाग से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश जू-जित्सु संघ द्वारा 11वीं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के विंग्स क्लब में किया जा रहा है। जिसमे जिले के नन्हें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया था जिसमे पहले दिन अशोकनगर की सब जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जुजीत्सु के नेवाजा इवेंट में 10वर्ष से कम आयु वर्ग में गर्ल्स ग्रुप में शिवन्या चौरसिया ने 25किलो ग्राम में स्वर्ण पदक,वहीं बॉयज ग्रुप में गौरांग अग्रवाल 22 किलो में स्वर्ण पदक, गौरांश चौरसिया 28किलो में स्वर्ण पदक, दिशार्थ धुरेंटे 32 किलो में स्वर्ण पदक जीते। वहीं 12वर्ष आयु वर्ग में शिवार्थ धुरेंटे ने 44 किलो में स्वर्ण, ध्रुव लोधी ने 28 किलो में स्वर्ण, उदयवीर केवट ने 32 किलो में स्वर्ण, खुश अग्रवाल ने 40 में कांस्य एवं 14 वर्ष में भावेश सेन ने स्वर्ण व 18 वर्ष में अनुराग बरहा ने कांस्य पदक जीते। इन सभी खिलाड़ियों के फाइट इवेंट 20 जुलाई को खेले जायेंगे। खिलाड़ियों का यह शानदार प्रदर्शन विश्वामित्र अवार्डी वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे के मार्गदर्शन में कर रहे हैं।

### 85 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के प्रकरण जिला पंचायत में प्रचलित

**अशोकनगर।** न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर में म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत 85 ग्राम पंचायतों के सरपंचो के प्रकरण इस न्यायालय में प्रचलित है। प्रकरणों में न्यायहित में पर्याप्त अवसर एवं समय देने के उपरान्त भी संबंधित सरपंचों द्वारा निर्माण कार्य की राशि जमा नहीं कराई है और न ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। तत्संबंध में संबंधित सरपंचों को सूचित किया गया है कि 85 प्रकरणों में संबंधित राशि तत्काल जिला पंचायत अशोकनगर में जमा कराई जावे अथवा प्रकरण से संबंधित निर्माण कार्यों का कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जमा कराया जायें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित सरपंचों ग्राम पंचायतों के विरूद्ध म. प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 (2) के तहत 30 दिवस की कालावधि के लिये जेल में परिरूद्ध रखे जाने हेतु आदेश जारी किया जायेगा।

# प्रशासन पर भारी पड़ा राशन माफिया, चावल गायब

## रात में पकड़ाए चावल से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, सुबह मिले खाली



**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** लम्बे समय से सरकारी चावल की कालाबाजारी करने वाला एक माफिया शुक्रवार शनिवार को प्रशासन पर एक चूक के कारण भारी पड़ गया। 23 क्विंटल चावल पकड़ने के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई के लिए परेशान होना पड़ा।

दरअसल, शुक्रवार रात को मुखबिर की सूचना पर नायब तहसीलदार कैलाश मालवीय और पटवारी लोकेंद्र शर्मा की टीम में नेशनल हाइवे पर सुमेर गांव में जॉन डियर ट्रैक्टर और ट्रॉली को रोककर जांच की तो उसमें 23 क्विंटल चावल पाया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली को बहादुरपुर पुलिस थाने में लाया गया किंतु करीब एक घंटे तक थाना परिसर में ट्रैक्टर रखे रहने के बाद भी प्रशासन द्वारा न तो चावल के सैंपल लिए गए और न ही थाने में ट्रैक्टर ट्रॉली व चावल की सुपुर्दगी दी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुपुर्दगी स्वयं ट्रैक्टर मालिक को दे दी और कार्रवाई के लिए शनिवार का दिन नियत कर दिया किन्तु शनिवार को जब टीम खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ पहुंची तो ट्रैक्टर मालिक के पास न ट्रैक्टर मिला और न ही चावल। इसके बाद प्रशासनिक टीम ने कई जगह कैमरे चेक किए, जिनमें रात बारह बजकर 45 मिनट पर ट्रैक्टर ट्रॉली मुंगावली को ओर जाते हुए और एक बजकर 35 मिनट पर खाली ट्रॉली के साथ आते हुए दिखाई दिए हैं। ट्रॉली में रखा चावल कहां है प्रशासन इसका पता नहीं कर पाया है।

**पटवारी को दी धमकी, तुम्हारी नौकरी खा जायेंगे:**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की चेतावनी के बाद भी राशन माफिया के हौसले कितने बुलंद है, इसका अंदाजा बहादुरपुर में हुई घटना के बाद लगाया जा सकता है। जब तहसीलदार और पटवारी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ रहे थे तो माफिया उनके सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ा रहा था लेकिन जैसे ही उसने सुपुर्दगी के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली गायब किए तो पटवारी लोकेंद्र शर्मा को धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हारी नौकरी खा जाएंगे। पटवारी श्री शर्मा ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी है।

***इनका कहना है।***

*हमने तहसीलदार से जांच प्रतिवेदन मांगा है। इसके मिलने के बाद सम्बन्धित पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

***मनीष धनगर, एसडीएम, मुंगावली।***

### निशुल्क नेत्र शिविर 22 को

**अशोकनगर।** करुणानिधि सेवा समिति द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग आगामी 22 जुलाई को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी क्लब भवन में किया गया। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की आंखो की जांच की जाएगी। इसके साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों को चिन्हित किया जावेगा। जिसका सारा जिम्मा समिति द्वारा उठाया जावेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ईसागढ़ द्वारा जनपंद पंचायत ईसागढ़ के सेक्टर धुर्रा के ग्राम मनिहारी की आंगनवाड़ी केन्द्र में पदस्थ आंगनवाड़ी सहायिका भगवती बाई तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता रघुवंशी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया व समाचार पत्र के माध्यम से उक्त आंगनवाड़ी केन्द्र बंद होने की सूचना मिलने तथा बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्र नियमित संचालित न होने से क्षेत्रांतर्गत बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा, पोषण आहार एवं गर्भवती व धात्री माताएँ चिन्हांकित नहीं हो पा रही है। एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। जो आपकी कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही के कारण हो रहा है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता / सहायिका द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से नहीं कर रहीं है।

कारण बताओ सूचना पत्र का स्पष्टीकरण 3 दिवस में कार्यालय में समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जावेगा।



# आरक्षण की मांग को लेकर सवर्ण समाज सौंपेगा ज्ञापन

**कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई आयोजित**

**आगामी 30 जुलाई को जुटेंगे लोग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलामुख्यालय पर शनिवार को जनरल वर्ग सवर्ण समाज द्वारा दुबे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनरल वर्ग सवर्ण समाज के प्रबुद्ध जन ब्राह्मण, रघुवंशी, श्रीवास्तव, जैन, राजपूत, अग्रवाल उपस्थित रहें। बैठक में तय किया गया है कि सवर्ण समाज को भी आरक्षण दिया जाए, क्योंकि आज सवर्ण समाज के बच्चों को शिक्षा और नौकरियों में स्थान नहीं मिल पा रहा है। वहीं बतासया कि सवर्ण समाज में गरीब लोग नहीं है क्या उन्हें अपने बच्चों को पढ़ाने का अधिकार नहीं है क्या सवर्ण समाज भारत की नागरिक नहीं है। इन सब मुद्दों को लेकर सवर्ण समाज समाज द्वारा आगामी 30 जुलाई को सार्वजनिक रूप से ज्ञापन सौंपा जाएगा और सरकार से अपने अधिकारों के लिए मांग की जाएगी। इस बीच ब्राह्मण समाज से अशोक शर्मा ,महेश शर्मा ,अरुण दुबे, दिनेश विरथरे, हरिओम शर्मा, रघुवंशी समाज से धर्मेंद्र रघुवंशी,आनंद रघुवंशी, रंगेश्वर रघुवंशी, राजपूत समाज से ज्ञान सिंह राजपूत, वरुण राजपूत, कायस्थ समाज से प्रियकांत माथुर, रामू श्रीवास्तव, जैन समाज से सोनू जैन, वहीं जनरल वर्ग के युवा राहुल शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, पवन शर्मा, संजय शर्मा सिजावट, सोनू शर्मा अनुज शर्मा निक्की अभिषेक रघुवंशी,संजीव शर्मा जासी आदि सदस्य मुख्य उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | **जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार, पूछे सवाल**

# अंग्रेजों ने सबसे बड़ा नाश हमारी गुरूकुल शिक्षा पद्धति को खत्म करके किया है : सुधासागर





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय संस्कृति का अंग्रेजों ने सबसे बड़ा नाश किया है गुरुकुल शिक्षा पद्धति को नष्ट करने का हमारे यहां दुनिया की सबसे अच्छी शिक्षा पद्धति थी, जहां सब चाहें राज पुत्र हो, सेठ साहूकार हो या सामान्य जन सभी गुरुकुलों में रहकर शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करते थे, विदेशियों ने हमारी शिक्षा पद्धति को भी वैज्ञानिक कर दिया अब वे सब कर्मचारी हैं ऐसे ही हमारे यहां वैध कभी वेतन नहीं मिलता था उन्हें भेंट मिलती थी, दूसरे शिक्षा हमारे यहां गुरु कुल परम्परा से चलती जहां बचपन से ही संस्कारो का वीजा रोपण किया जाता था आज ये सबसे बड़ा व्यापार बन गया। कैसी है हमारी संस्कृति कैसे हैं हमारा भारत देश। गुरु की बदौलत ही हम भगवान को पहचान कर अपने जीवन का आदर्श बना लेते हैं सबसे पहले शिक्षा और स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है उक्त आश्य के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। इसके पहले जिले पर के पत्रकारों से सभी वरिष्ठ जन जिज्ञासा समाधान में पहुंचे और परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज को श्रीफल भेंट कर अपनी जिज्ञासा रखी।

**दुष्ट राजाओ ने संत पुरुषो को भी नहीं छोड़ा:**

उन्होंने कहा कि हमारे देश में एक दुष्ट राजा हुआ है कंस जो साधु संतों को अपने रथ में जूतवता था उसके रथ में अश्व का प्रयोग नहीं होता था, ऐसे भी राजा हुए जिनके अत्याचारो का उल्लेख इतिहास में भरा पड़ा है फिर भी हमारे संस्कार खत्म नहीं हुए, जब तक भारत मे गुरु कुल परम्परा रहेंगे धर्म अंदर की बात है चलो तुम्हारे लिए एक उदाहरण देता हूं किसी मनचले ने आपको कट मार दिया आपको चोट आ गई उससे आप विचलित हो गये ये उसने ठीक नहीं किया वह गलत आदमी है गुड्डा आवारा हैं उसने कट मारकर दुःखी किया था थोड़ी देर बाद आगे उसका एक्सीडेंट होता है और वह सड़क पर तड़प रहा है तुमने उसे कष्ट में छोड़ कर वहीं किया जो तुम्हारे साथ हुआ नाइटी नाइन परसैंट लोग कषाय में छोड़ कर चले जाते हैं फिर तुम में और उस गुंडे में फर्क क्या रहा विचार करें।



### एक पेड़ मां ने तहत किया पौधारोपण

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में इको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीके सुराना ने विद्यार्थियों को पौधे लगाने एवं उनकी रक्षा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब प्रभारी डॉ.दीक्षा भट्ट द्वारा किया गया,जिसमें मोनिका नामदेव , संगीता अहिरवार, अरविंद कौशिक एवं प्रवीण कौशिक ने सहयोग प्रदान किया।